गुड कोट ›› काम की शुरूआत करना ही आगे बढ़ने का रहस्य है। -मार्क ट्वेन

जॉब Listing

चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड
पद- जूनियर इंजीनियर (स्टेशन कंट्रोल)
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 23 सितंबर
http://chennaimetrorail.org/

नेशनल बायोलॉजिकल साइंस, टाटा इंस्टीट्यूट फॉर फंडामेंटल रिसर्च
पद- एडमिनिस्ट्रेटिव रिसर्च
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 10 सितंबर
www.ncbs.res.in/

तमिलनाडु न्यूज़प्रिंट एंड पेपर्स लिमिटेड
पद- जूनियर असिस्टेंट (ट्रेनी)
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 10 सितंबर
www.tnpl.com

उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव इंस्टीट्यूशन सर्विस बोर्ड
पद- मैनेजर, असिस्टेंट फील्ड ऑफिसर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 21 सितंबर
www.upsevamandal.org

नॉर्थ ईस्टर्न इंदिरा गांधी रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंस
पद- ऑफिसर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 16 सितंबर
www.neigrihms.gov.in

नेशनल रूरल रोड्स डेवलपमेंट एजेंसी
पद- डायरेक्टर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 30 सितंबर
www.pmgsy.nic.in/

ओडिसा माइनिंग कॉर्पोरेशन इंडिया लि
पद- मेडिकल ऑफिसर, डिप्टी मैनेजर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 23 सितंबर
http://omcltd.in/

स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि
पद- मैनेजर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 10 सितंबर
www.stclimited.co.in/

महिला एवं बाल विकास निदेशालय, हिमाचल प्रदेश
पद- क्लर्क, टाइपिस्ट, कुक, लेडी वार्डन
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 15 सितंबर
http://himachal.gov.in/

जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च
पद- रेस्पिरेटरी लैबोरेटरी टेक्नीशियन
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 19 सितंबर
www.jipmer.edu.in

एम्स, ऋषिकेश
पद- मेडिकल फिजिस्ट ग्रुप ए
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 28 सितंबर
www.aiimsrishikesh.edu.in

इसरो, बेंगलुरू
पद- कुक
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 16 सितंबर
www.isro.gov.in

पारादीप पोर्ट ट्रस्ट
पद- उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (विशेषज्ञ)
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 15 सितंबर
www.paradipport.gov.in/

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी
पद- सहायक
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 9 अक्टूबर
www.lbsnaa.gov.in/

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स
पद- तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल, टैक्टर चालक, बढ़ई)
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 20 सितंबर
www.cimap.res.in

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग
पद- निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 22 सितंबर
www.cci.gov.in/

यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड
पद- सहायक उपाध्यक्ष, प्रभागीय प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 14 सितंबर
www.utiitsl.com/

आंध्र प्रदेश प्रोडक्टिविटी काउंसिल
पद- कार्यपालक निदेशक
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 18 सितंबर
www.appc.in/

आईआईटी, मंडी
पद- लाइब्रेरी ट्रेनी
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 14 सितंबर
www.iitmandi.ac.in/

सफाई कर्मचारी आयोग
पद- अंडर सेक्रेटरी, असिस्टेंट डायरेक्टर, सीनियर हिंदी ट्रांसलेटर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 4 अक्टूबर
http://ncsk.nic.in/index.asp

आईआईटी, दिल्ली
पद- मेडिकल ऑफिसर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 20 सितंबर
www.iitd.ac.in

हाईकोर्ट, बॉम्बे
पद- लॉ क्लर्क
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 30 सितंबर
http://bombayhighcourt.nic.in/

गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पद- असिस्टेंट मेडिकल ऑफिसर
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 14 सितंबर
www.gsecl.in

आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट
पद- सिविल जज
आवेदन करने की अंतिम तिथि- 16 सितंबर
http://hc.tap.nic.in/

फार्मा सेक्टर के विस्तार से क्लीनिकल रिसर्च में बढ़ रही हैं नौकरियां

ड्रग रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए भारत विदेशी कंपनियों की पहली पसंद है। बढ़ते विदेशी निवेश से भी देश का फार्मा सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लाइफ साइंसेस के छात्रों के लिए क्लीनिकल रिसर्च में इसीलिए नौकरी के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं।

क्लीनिकल रिसर्च मेडिकल साइंस का एक हिस्सा है। क्लीनिकल रिसर्च ड्रग रिकवरी प्रोसेस का अभिन्न हिस्सा होता है, जिसके जरिए नई ड्रग के प्रभाव और सुरक्षा को परखा जाता है। जिन दवाइयों का उपयोग इलाज के समय किया जाता है उनकी गुणवत्ता को परखने, उनके दुष्प्रभाव के बारे में पता लगाने का कोर्स क्लीनिकल रिसर्च का हिस्सा है। भारत में हेल्थ सेक्टर के विस्तार के साथ इस क्षेत्र में कॅरिअर की संभावनाएं भी बेहतर हुईं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 तक फार्मा सेक्टर में नौकरियों की संख्या दोगुनी होकर करीब 3.5 मिलियन हो जाएगी। क्लीनिकल रिसर्च के क्षेत्र में भी इससे नौकरियों का इजाफा होगा।

ड्रग रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए ग्लोबल विदेशी कम्पनियों के लिए भारत एक पसंदीदा जगह है। वैश्विक स्तर पर भारत जेनेरिक ड्रग का सबसे बड़ा सप्लायर है, इसके वैश्विक निर्यात के 20 फीसदी पर भारत का कब्जा है। आईबीईएफ की रिपोर्ट के अनुसार 2020 तक देश की फार्मा इंडस्ट्री 15 फीसदी की सालाना दर से बढ़ेगी। इससे इस क्षेत्र में नई नौकरियां भी पैदा होंगी। भारत की फार्मा इंडस्ट्री का रेवेन्यू 2020 तक 55 बिलियन डॉलर हो जाएगा। इसके अलावा 2025 तक देश के फार्मा सेक्टर के 100 बिलियन डॉलर के होने की संभावना है, और यह विश्व का छठा सबसे बड़ा फार्मा बाजार बन जाएगा।

फार्मास्युटिकल सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई भी इसमें तेजी की एक बड़ी वजह है। डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल पॉलिसी एंड प्रमोशन की रिपोर्ट के अनुसार 2006 से 2016 के दौरान फार्मा सेक्टर को 13.85 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश हुआ।



एक नजर देश की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री पर

39 बिलियन डॉलर बढ़ गया हेल्थ सेक्टर में सरकार द्वारा किया जाने वाला खर्च पिछले 8 सालों में	**16.3%** सलाना की दर से बढ़ी है फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट की सेल पिछले आठ सालों में
17.46% सालाना की दर से बढ़ा भारत का फार्मा सेक्टर पिछले 10 सालों में	**70%** कमाई जेनरिक ड्रग से देश के फार्मा सेक्टर में

कॅरिअर बनाने के लिए लाइफ साइंसेस में बैकग्राउंड जरूरी

लाइफ साइंस, नर्सिंग, साइकोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी या फार्मेसी में अंडरग्रेजुएट या पोस्टग्रेजुएट, एमबीबीएस, बीडीएस कोर्स करने वाले छात्र क्लीनिकल रिसर्च के एंट्री लेवल से कार्य शुरू कर सकते हैं। बीफार्मा या लाइफ साइंस में बीएससी करने वाले छात्र क्लीनिकल रिसर्च के पोस्टग्रेजुएट कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। क्लीनिकल रिसर्च में डिप्लोमा या पीजी डिप्लोमा करने के लिए संबंधित स्ट्रीम में बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। पीएचडी करने के लिए मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है।

रिसर्च ऑर्गनाइजेशन व मेडिकल लैब में हैं ज्यादा संभावनाएं

क्लीनिकल रिसर्च का कोर्स करने वाले छात्र सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह की कम्पनियों में काम कर सकते हैं। छात्र कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, बायोटेक्नोलॉजिकल इंडस्ट्रीज, रेगुलेटरी अफेयर्स, मेडिकल राइटिंग, सेंट्रल लैब और रिसर्च साइट में जॉब कर सकते हैं।

ऊंची डिग्री से बेहतर नौकरी

क्लीनिकल रिसर्च के क्षेत्र में फ्रेशर को प्रतिमाह औसतन 15 हजार से 20 हजार रुपए तक पैकेज मिल सकता है। कुछ वर्ष के अनुभव के बाद औसतन प्रति माह सैलरी 35 से 40 हजार रुपए तक मिल सकती है। मास्टर डिग्री और पीएचडी करने वाले छात्रों को बेहतर पैकेज मिलने की संभावना होती है।

संस्थान

- सेंट जेवियर कॉलेज, मुम्बई http://xaviers.edu/main/
- इंटरनेशनल ड्रग डिस्कवरी एंड क्लीनिकल रिसर्च, हैदराबाद http://iddcr.com/
- इंस्टीट्यूट ऑफ क्लीनिकल रिसर्च, दिल्ली http://icriindia.com/campuses/
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्लीनिकल रिसर्च, जयपुर http://www.iicr.info/

स्कॉलर ship

अलग-अलग कोर्स के लिए देश और विदेश में स्कॉलरशिप और फेलोशिप्स

प्रमोशन ऑफ साइंस एजुकेशन स्कॉलरशिप
किसके लिए - साइंस स्ट्रीम में बीएससी या एमएससी करने वाले छात्रों के लिए।
योग्यता - 75 फीसदी अंकों के साथ 12वीं या 80 फीसदी अंकों के साथ बैचलर डिग्री।
राशि - बीएससी के छात्रों को 4 हजार रु. प्रति माह और एमएससी के छात्रों को 6 हजार रु. प्रति माह।
अंतिम तिथि - 19 सितम्बर, 2016
http://www.stir.ac.uk/

नेशनल स्कॉलरशिप एग्जाम, 2016
किसके लिए - एसएससी/आईसीएसई या सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र
योग्यता - 5वीं से 12वीं कक्षा के छात्र
राशि - 1,999 रु. से लेकर 31 हजार रु. तक
अंतिम तिथि - 30 सितम्बर, 2016
www.niceedu.org/scholarship.

सीमेंस स्कॉलरशिप प्रोग्राम
किसके लिए - सरकारी कॉलेजों मे बीटेक के पहले वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए।
योग्यता - अधिकतम उम्र सीमा 20 वर्ष।
राशि - ट्यूशन फीस का खर्च।
अंतिम तिथि - 30 सितम्बर, 2016
http://www.siemens.co.in/

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान स्कॉलरशिप
किसके लिए- संस्कृत करने वाले छात्रों के लिए।
योग्यता- 9वीं कक्षा से लेकर पीएचडी।
राशि- 2वर्ष के लिए 1500 से 2000 रु. प्रतिमाह
अंतिम तिथि - 30 सितम्बर, 2016
http://www.sanskrit.nic.in/

कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप
किसके लिए- यूनाइटेड किंगडम में हायर स्टडीज या रिसर्च कोर्स करने वाले छात्रों के लिए।
योग्यता - 65% अंकों के साथ बैचलर डिग्री।
राशि - ट्यूशन फीस और रहने का खर्च।
अंतिम तिथि - 16 सितम्बर, 2016
http://mhrd.gov.in/

स्टूडेंट Issues

फर्स्ट इंप्रेशन का 55 फीसदी इससे तय होता है कि आप खुद को कैसे पेश करते हैं।

इंटरव्यू से पहले कंपनी और जॉब के बारे में रिसर्च जरूरी

पहला इंटरव्यू हर छात्र के लिए खास होता है, लेकिन इसमें असफलता की दर भी ज्यादा होती है। आवेदकों को पहले इंटरव्यू में नियोक्ता कंपनी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयारी करनी होती है। हमने देश के टॉप 50 कॉलेजों में 400 से अधिक छात्रों पर एक रिसर्च किया। रिसर्च में कई ऐसी बातें सामने आईं, जो इंटरव्यू के दौरान छात्रों के परफॉर्मेंस में बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

श्वेता रैना
टेलीरंग की फाउंडर व सीईओ

250 आवेदन आते हैं औसतन प्रत्येक कॉर्पोरेट जॉब के लिए इंडिया में

80% छात्र इंटरव्यू में खुद को सही तरीके से पेश न कर पाने के कारण फेल होते हैं

रिसर्च, प्री-वर्क और प्रैक्टिस

इंटरव्यू में जाने से पहले कम्पनी के बारे में पूरी रिसर्च करनी चाहिए। आप किस पोजिशन के लिए अप्लाई कर रहे हैं। इससे आपको इंटरव्यू में बेहतर जवाब देने में मदद मिलेगी। कुछ प्रश्न हैं, जिसके बारे में आप पहले से तैयारी कर सकते हैं। जैसे कि आपके बारे में बताएं, हम आपको क्यों हायर करें, आपका अगले 3 से 5 साल का क्या प्लान है, स्कूल या कॉलेज में आपका लीडरशिप अनुभव कैसा था, जीवन की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को आपने कैसे हैंडल किया। इन प्रश्नों के बारे में बार-बार प्रैक्टिस सहायक हो सकती है।

खुद को कैसे पेश करते हैं, यह फर्स्ट इंप्रेशन के लिए सबसे अहम

- **ड्रेसिंग सेंस** : फर्स्ट इंप्रेशन बनाने के लिए आपको दूसरा मौका नहीं मिलता। सही पहनावा फर्स्ट इंप्रेशन के लिए जरूरी होता है। आपको बिज़नेस कैजुअल और बिज़नेस फॉर्मल ड्रेस के बीच का अंतर पता होना चाहिए। हाल ही में टेलीरंग के एक छात्र को बिज़नेस कम्पनी ने सिर्फ इसलिए रिजेक्ट कर दिया क्योंकि वो इंटरव्यू में जींस पहनकर गया था।
- **पंक्चुअलिटी** : टाइम पर किसी जगह भी पहुंचना सबसे जरूरी चीजों में से एक है। इंटरव्यू के लिए कोशिश यही होनी चाहिए कि टाइम से 15-20 मिनट पहले पहुंचें।
- **बॉडी लैंग्वेज** : अपना परिचय देते समय आत्मविश्वास झलकना, स्पष्ट बोलना, गर्मजोशी से हाथ मिलाना और इंटरव्यूवर से आई कॉन्टैक्ट आपके व्यक्तित्व को परिभाषित करता है। इंटरव्यू के दौरान चेहरे पर मुस्कान भी इनमें से एक है। आपके चेहरे के भाव सामान्य दिखें, यह आवश्यक है।

इंटरव्यू के बाद क्या करें?

इंटरव्यू के बाद इंटरव्यूअर को थैंक्यू मेल करें, ताकि उन्हें लगे कि आप जॉब के लिए वास्तव में इंटरेस्टेड हैं। जेंडर ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट अंकित समदरिया कहते हैं कि इंटरव्यू लेते समय मैं तैयारी को सबसे ज्यादा महत्व देता हूं। आदित्य बिरला ग्रुप की डिप्टी जनरल मैनेजर पूजा अग्रवाल के अनुसार अपने बारे में जानना सबसे जरूरी चीजों में से एक है, जैसे कि आपकी स्ट्रेंथ क्या हैं और यह कम्पनी के लिए किस तरह से फायदेमंद हो सकता है। अपने बेसिक्स मजबूत करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दें।

अपॉर्च्युनिटी Update

दुनियाभर के कॉम्पिटिशन व कॉन्टेस्ट जिनमें आप शामिल हो सकते हैं-

नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, एस्ट्रोनॉमी

यह प्रतियोगिता आईएपीटी द्वारा एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर और एसोसिएशन ऑफ टीचर्स इन बायोलॉजिकल साइंसेस के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसमें ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्र भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में सीबीएसई के 12वीं कक्षा के सिलेबस पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। छात्र इंग्लिश के अलावा हिंदी, गुजराती और बंगाली भाषा को परीक्षा का माध्यम चुन सकते हैं। चुने गए छात्रों को इंटरनेशनल ओलम्पियाड में भाग लेने को मौका मिलेगा।

अंतिम तिथि : 15 सितम्बर, 2016
लिंक : http://iapt.org.in/

स्पिरिट ऑफ रामानुजन- अ मैथ्स टैलेंट इनीशिएटिव, 2016

यह प्रतियोगिता मैथमेटिकल एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन मैथेमैटिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता के ओपन राउंड में प्रतिभागियों को स्मार्टफोन के जरिए एक क्रिएटिव पजल को हल करना होगा। चुने गए प्रतिभागियों को फाइनेंशियल सपोर्ट मुहैया कराए जाएगा। वे अगले वर्ष जनवरी में अटलांटा में आयोजित जॉइंट मैथमेटिक्स मीटिंग में भाग ले सकेंगे।

अंतिम तिथि : 15 सितम्बर, 2016
लिंक : www.expii.com/ramanujan

आईएनबीए-नोवार्टिस डिबेट कॉम्पिटिशन

यह प्रतियोगिता इंडियन नेशनल बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। इसका टॉपिक 'व्हेदर ए स्ट्रॉन्ग, वर्ल्ड क्लास इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट रेजिम विल बेनिफिट इंडिया एंड इंडियन कम्पनीज' होगा। एलएलएम और एलएलबी के छात्र इसमें भाग ले सकते हैं। बेस्ट स्पीकर फॉर मोशन और बेस्ट स्पीकर अंगेस्ट मोशन के विजेता को 50 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा।

अंतिम तिथि : 20 सितम्बर, 2016
लिंक : www.indianbarassociation.org

कोर्स Review

कमाई के लिहाज से इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट बेहतर, लेकिन वर्षों की प्रैक्टिस जरूरी

कंपनियों को निवेश की सलाह देता है इंवेस्टमेंट मैनेजर

फाइनेंशियल असेट जैसे कि स्टॉक शेयर और बॉन्ड, रियल एस्टेट में निवेश करने वाले को इंवेस्टमेंट के बारे में राय देना, जो फायदेमंद हो इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट कहलाता है। इन क्षेत्रों में निवेश के बारे में जानकारी रखने और राय देने वाले को इंवेस्टमेंट मैनेजर कहा जाता है। इंवेस्टमेंट मैनेजर किसी संस्था या व्यक्ति दोनों के लिए काम करते हैं। इन्हें आमतौर पर फंड मैनेजर के नाम से भी जाना जाता है। इंवेस्टमेंट मैनेजर कम्पनियों के बाजार में किए गए निवेश के लिए जिम्मेदार होता है।

प्रत्येक बिज़नेस ऑर्गनाइजेशन चाहे वो छोटा हो या बड़ा सभी को इंवेस्टमेंट मैनेजर की जरूरत होती है, जो इंवेस्टमेंट से जुड़े निर्णय ले सके ताकि मुनाफे को बढ़ाया जा सके। कम्पिनयों की बढ़ती संख्या से इंवेस्टमेंट मैनेजर्स की डिमांड भी बढ़ी है, जिससे इस क्षेत्र में कॅरिअर की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। बतौर इंवेस्टमेंट मैनेजर कॉर्पोरेट सेक्टर, बैंकिंग, इंश्योरेंस, म्यूचुअल फंड्स और फाइनेंशियल सर्विसेस सेक्टर में कॅरिअर बना सकते हैं। इसके अलावा रेगुलेटरी बॉडी जैसे कि सेबी और रेटिंग एजेंसी में कॅरिअर बना सकते हैं।

इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॅरिअर बनाने के लिए निवेश के बारे में अच्छी जानकारी होनी जरूरी है। निवेश की बारीकियों के साथ मार्केट एनालिसिसि भी आवश्यक है। फाइनेंशियल सेक्टर में बतौर ट्रेनी कॅरिअर शुरू किया जा सकता है। इसके अलावा स्वतंत्र रूप से भी काम किया जा सकता है और खुद का बिज़नेस शुरू करने की संभावनाएं भी होती हैं।

कॉमर्स और इकोनॉमिक्स बैकग्राउंड के छात्रों के लिए इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट कॅरिअर का बेहतर विकल्प है। इसके कोर्स में इंवेस्टमेंट के तरीके, क्लाइंट को हैंडल करना, मार्केट एनालिसिस और इंवेस्टमेंट डिसीजन के बारे में बताया जाता है। इंवेस्टमेंट मैनेजर अनुभव होने पर हर महीने लाखों की कमाई कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए वर्षों प्रैक्टिस की भी जरूरत होती है।

एलिजिबिलिटी

इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट में कॅरिअर बनाने के लिए फाइनेंस या फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन में एमबीए किया जा सकता है। किसी भी स्ट्रीम से बैचलर करने वाले छात्र एमबीए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। इसके अलावा बैचलर के बाद मास्टर ऑफ फाइनेंस एंड कंट्रोल और चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट कोर्स भी कर सकते हैं।

जॉब प्रॉस्पेक्ट

फाइनेंसियल मैनेजर शेयर बजार, रियल एस्टेट और बैंकिंग के अलावा प्राइवेट फर्म में कॅरिअर बना सकते हैं। अनुभव के साथ वे किसी एक क्षेत्र में पारंगत हो जाते हैं। उदाहरण के लिए कोई ट्रेनी एग्जीक्यूटिव कॅरिअर की शुरुआत में सभी तरह के इंवेस्टमेंट की बारीकियां सीखता है, लेकिन कुछ वर्षों के अनुभव के बाद वह इक्विटी या शेयर में निवेश को अपना स्पेशलाइज्ड क्षेत्र बना सकता है। इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट प्रोफेशनल के लिए सरकारी की अपेक्षा प्राइवेट संस्थानों में नौकरियों के ज्यादा अवसर होते हैं।

प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट इन इंडिया, हैदराबाद www.icfaiuniversity.in/
- दिल्ली यूनिवर्सिटी www.du.ac.in/
- इंस्टीटयूट ऑफ मीडिया, मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, देहरादून www.immtdoon.com/

Question बैंक

डॉ. जयंतीलाल भंडारी,
कॅरिअर एक्सपर्ट

प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए विषय-विशेष से संबंधित सवालों का अध्ययन तैयारी में मदद कर सकता है। वर्ष 2015-16 में देश में आयोजित विभिन्न प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए ऐसे प्रश्न यहां दिए जा रहे हैं, जो आगामी परीक्षाओं में भी उपयोगी हो सकते हैं।

भारतीय इतिहास

1. महावीर स्वामी के भिक्षुणी संघ की प्रधान कौन थी? **(यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा-15)**
2. कौनसा गुप्त सम्राट विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है? **(एसएससी जूनियर इंजीनियर परीक्षा-16)**
3. किस गोलमेज सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भाग लिया था? **(उत्तराखंड वन क्षेत्राधिकारी प्रारंभिक परीक्षा-15)**
4. विजनगर का प्रसिद्ध हजारा मंदिर किसके शासनकाल में निर्मित हुआ था? **(म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-15)**
5. पूना पैक्ट समझौता महात्मा गांधी तथा किसके बीच हुआ था? **(झारखंड कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा-16)**

उत्तर- 1. चन्दन बाला, 2. चंद्रगुप्त द्वितीय, 3. दूसरे गोलमेज सम्मेलन, 4. कृष्णदेव राय, 5. बी.आर. आम्बेडकर

खेलकूद

1. उसैन बोल्ट किस रूप में प्रसिद्ध हैं? **(एसएससी जूनियर इंजीनियर परीक्षा-16)**
2. हॉकी इंडिया लीग किस वर्ष प्रारंभ हुई थी? **(म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-15)**
3. मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम कहां स्थित है? **(भारतीय रिजर्व बैंक सहायक भर्ती परीक्षा-15)**
4. आगा खां कप किस खेल से संबंधित हैं? **(एसएससी संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-15)**
5. वर्ष 2014-15 का रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट किस राज्य ने जीता है? **(नेशनल इंश्योरेंस कंपनी प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा-15)**

उत्तर- 1. एथलीट (धावक), 2. वर्ष 2013 में, 3. नई दिल्ली में, 4. हॉकी, 5. कर्नाटक

पुरस्कार और पुस्तकें

1. कोस्टा प्राइज-2015' से किस ब्रिटिश लेखिका को सम्मानित किया गया है? **(सिडबी सहायक प्रबंधक परीक्षा-16)**
2. वर्ष 2015 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है? **(भारतीय रिजर्व बैंक ग्रेड-बी अधिकारी परीक्षा-15)**
3. 'बीजक' किसके वचनों का संग्रह है ? **(उ.प्र. न्यायिक सेवा परीक्षा-15)**
4. 'जहांगीर चंद्रिका' का लेखक कौन था? **(उत्तराखंड वन क्षेत्राधिकारी प्रारंभिक परीक्षा-15)**
5. नोबेल पुरस्कार से सम्मानित पहले मुस्लिम व्यक्ति कौन थे? **(झारखंड कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा-16)**

उत्तर- 1. केट ऐटकिंसन, 2. एंगस डिएटॉन, 3. कबीर, 4. केशवदास, 5. मोहम्मद अब्दुस सलाम

विविध

1. बर्लिन किस देश की राजधानी है? **(आरबीआई ग्रेड-बी अधिकारी परीक्षा-15)**
2. भारत में किस दिन पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (नेशनल हैंडलूम डे) मनाया गया था? **(उ.प्र. न्यायिक सेवा परीक्षा-15)**
3. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) का अठारहवां शिखर सम्मेलन किस देश में संपन्न हुआ था? **(उत्तराखंड सिविल जज प्रारंभिक परीक्षा-15)**
4. रियो+20 (यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेंस ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट) घोषणापत्र का शीर्षक क्या था? **(छत्तीसगढ़ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-16)**
5. विश्व जनसंख्या दिवस किस दिन मनाया जाता है? **(आरएएस/आरटीएस प्रारंभिक परीक्षा-15)**

उत्तर- 1. जर्मनी, 2. 7 अगस्त, 2015 को, 3. नेपाल में, 4. द फ्यूचर वी वान्ट, 5. 11 जुलाई को

स्मार्ट App



गूगल ड्युओ वीडियो कॉलिंग एप है, जो एंड्रॉयड और आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम में चल सकता है। गूगल ने इसे हाल ही में लॉन्च किया है। इसके जरिए 720 पिक्सल क्वालिटी की वीडियो कॉलिंग की जा सकती है। यह मोबाइल की बैंडविड्थ और इंटरनेट की मॉनिटरिंग करता है और इसके आधार पर वीडियो क्वालिटी भी एडजस्ट करता है। इस एप में पहले से एंड टू एंड इनक्रिप्शन दिया गया है यानि कि कोई अन्य एप के डेटा को ट्रैक नहीं कर सकता। इसके अलावा इसमें नॉक-नॉक फीचर दिया गया है, जो एप में कॉल करने वाले का लाइव प्रिव्यू दिखाएगा ताकि कोई भी आपको अनचाहे रूप से डिस्टर्ब ना कर सके।